एक नजर में

कन्या महाविद्यालय में नशा उन्मूलन गतिविधियों का आयोजन

देवास। महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्राचार्य डॉ. जी. डी. सोनी के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत विभिन्न नशा उन्मूलन गतिविधियों का आयोजन किया गया। शासन द्वारा यह अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई तक संचालित किया जा रहा है। उक्त अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के प्रथम दिवस, प्राचार्य द्वारा छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया एवं नशा मुक्ति जागरूकता की शपथ दिलाई गई। डॉ. क्रांतदर्शी सिंदल ने अभियान के उद्देश्य से छात्राओं को अवगत कर समाज को नशा मुक्त बनाने में अपना सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उक्त दिवस ही नशे के विरुद्ध जनजागरण रैली निकाली गई। रैली के दौरान छात्राओं ने लोगों से नशे से दूर रहने की अपील की। 16 जुलाई 2026 को अभियान के संयोजक प्रो.विजय सिंह चौहान ने छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों से बचाने के लिए शॉर्ट फिल्म एवं डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। नशा उन्मूलन अभियान के अंतिम दिन 17 जुलाई को व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रो. दीपा परिहार ने अपने व्याख्यान में छात्राओं को नशे की लत से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने एवं स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रो. अंकित सक्सेना द्वारा छात्राओं को अपने परिवार एवं मित्रों को इस सामाजिक बुराई के विरुद्ध जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्रो. शर्मिला कांटे द्वारा 21 जुलाई को नशा उन्मूलन दुष्परिणाम एवं निवारण विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एमएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा अलीशा खान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया द्वितीय स्थान पर साइना अकबर खान बीकॉम तृतीय वर्ष एवं जैनब खान बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उक्त कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय परिवार एवं छात्राएउपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. क्रांतदर्शी सिंदल द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन प्रो .विजय सिंह चौहान द्वारा व्यक्त किया गया।

विश्व गायत्री परिवार का पावन वृक्ष गंगा अभियान

देवास। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में देशभर में पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत गायत्री परिजन पौधों का रोपण करते हैं और पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज को देते है, इसी कड़ी में देवास से महज 08 किलोमीटर दूर ग्राम मुकुंदखेड़ी मुक्तिधाम में गायत्री परिवार द्वारा 175 पौधे रोपकर मातृ जन्म शताब्दी उपवन की स्थापना की गई। गायत्री परिवार देवास के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि मुकुंदखेड़ी ग्राम के सरपंच प्रकाश मालवीय का नेतृत्व एवं गायत्री परिवार के संयुक्त संयोजन में वृहद पौधरोपण अभियान संपन्न हुआ जिसमें 175 पौधे रोपे गये जिसमें पीपल, शीशम, नीम, कटहल, पारस पीपल, पलटाफॉम, करंज सहित छायादार एवं औषधिय युक्त पौधे थे। माता भगवती देवी उपवन स्थापना का आयोजन पूरी श्रद्धा, निष्ठा एवं वैदिक कर्मकांड के साथ सम्पन्न हुआ जिसमें जिला समन्वयक बाबूलाल खंडेलवाल एवं जिला युवा समन्वयक प्रमोद निहाले ने तरुमित्र रोपण की प्रकिया संपन्न की साथ ही देशभर में मातृ जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के अंतर्गत लगाए उपवन की विस्तृत जानकारी देते हुए उनके लाभ से ग्रामीण जनों को अवगत कराया । तरुमित्र रोपण के दौरान जिला समन्वयक ने कहा कि एक पेड़ समाज को लगभग एक करोड़ रुपये का अनुदान वरदान प्रदान करता है, इसलिए हर किसी को कम से कम एक पौधा तो अनिवार्य रुप से लगाना ही चाहिए। तरुमित्र रोपण के पूर्व मोक्ष धाम में पौधों को लेकर रैली निकाली गई जिसमें पर्यावरण संरक्षण के नारे गूंजे। देवास से गायत्री परिवार के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचे जिसमें गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी महेश पंड्या, कन्हैलालाल मोहरी, सुभाष जैन, भारतसिंह बनाफर, देवकरण कुमावत, मीना अग्रवाल, महेन्द्र राठौर, कांतिलाल पटेल, अरविन्द शर्मा, कैलाशसिंह ठाकुर, सालगराम सकलेचा, श्रद्धा निहाले, रमेश पांचाल, बाबूलाल चौहान, ओम प्रकाश बनाफर सहित अनेक परिजन मौजूद रहे जिसमें ग्रामीणजनों की भी विशिष्ट उपस्थिति रही जिसमें मुकुंदखेड़ी से मनीष जायसवाल पंचायत सहायक सचिव, शेरसिंह, शालिग्राम, यशवन्तसिंह, विनोदसिंह, नरेंद्र, मेहरबान, अमित, बहादुर, गणपत, रमेश, आशा कार्यकर्ता राधा चौहान, मधु वर्मा, अजीत खेड़ी सरपंच प्रभुसिंह सोलंकी, शक्तिसिंह, अमितसिंह वहीं ग्राम खजुरिया के विक्रमसिंह राजपूत, धीरजसिंह, महेशसिंह ग्राम नेवरी से दिलीपसिंह सोलंकी, भंवरसिंह सोलंकी, टीना सोलंकी, कमलसिंह सोलंकी सहित सैकड़ों ग्रामीणजन उपस्थित थे। आयोजन के अंत में आभार सरपंच प्रकाश मालवीय ने माना ।

जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

कन्नौद। श्री बालाजी एकेडेमी, कन्नौद में नशा मुक्ति अभियान 2.0 के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कन्नौद थाना प्रभारी तहज़ीब काज़ी एवं उनकी पुलिस टीम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशा मुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने नशा मुक्ति का संकल्प लेते हुए मानव श्रृंखला बनाकर जनजागरूकता का संदेश दिया।अभियान के अंतर्गत वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना तथा उन्हें नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित करना था।

साहित्यकार डॉ. शेलेन्द्र शर्मा को मिला साहित्य प्रभाकर सम्मान

- प्रभाकर के अरूणोदय से संचालित होता यह संसार है
- सूरज किरणों संग प्रकृति करती नित नूतन श्रृंगार है - डॉ. शेलेन्द्र शर्मा

देवास। प्रदेश के मूर्धन्य कवि शिक्षाविद, साहित्यकार स्व. प्रभाकर शर्मा बंधु की जन्मजयंति पर नगर में विशेष साहित्यिक आयोजन किया गया। संस्कृति साहित्य रचनालय संसार म.प्र. द्वारा इस अवसर पर आयोजित समारोह में सम्राट विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलानुशासक हिन्दी विभागाध्यक्ष, राष्ट्र गौरव, साहित्यकार डॉ. शैलेन्द्र शर्मा को प्रदेश का लब्धप्रतिष्ठित साहित्य प्रभाकर सम्मान 2026 से अलंकृत कर विभूषित किया गया। आयोजना के मुख्य अतिथि शिक्षाविद डॉ. रायसिंह सेंधव थे तथा अध्यक्षता राष्ट्रीय कवि देवकृष्ण व्यास ने की। सारस्वत अतिथि राजेश यादव पू लगता हमको तुमने जो संसार दिया। अतिथि स्वागत जैनेन्द्रसिंह पंवार राजा, बालकृष्ण वर्मा, श्रीराम कुमावत, धर्मेन्द्र मिश्रा, संजय मालवीय, घनश्याम कटारिया, संगीता मूसलगांवकर, शरीफ खान मामू, शाहबुद्दीन मंसूरी आदि ने किया। संचालन संसार प्रदेश अध्यक्ष त्रिभुवन शर्मा द्वारा किया गया। देर रात तक चले काव्योत्सव में प्रदेशभर से पधारे कवि एवं शायरों ने एक से बढ़कर एक गीत एवं कलाम पढ़े। आमंत्रित कवियों में कवियत्री मोना गुप्ता ने सरस्वती वंदना ज्ञान दान दे मां शारदे प्रस्तुत की। कवि विनोद मंडलोई ने वक्त के पांव में जंजीर डाल देता मैं पढ़ी। मुरादाबाद से पधारे आपिल मुराबादी की गंगा जमुनी तहजीब की गजल माना हम तो उर्दू शेदाई है पर वतन परस्ती की लाखों कस्में खाई है। शायर अजीम देवासी की कविता वर्षा ऋतु महारानी आई है, हरियाली धानी चुनर ओढ कर छाई है को सराहा गया। कवियत्री आरती अक्षय गोस्वामी ने गीत राष्ट्र वंदना करें हम प्रथम आओ साथी देश में पढ़कर समा बांध दिया।

निरंतर क्रम में रचना पाठ कर रहे कवियों में राजेन्द्र तिवारी नीलम, राधेश्याम पांचाल, दिलीप मांडलिक, हिमांशु कुमावत, डॉ. इकबाल मोदी, मकसूद शाह, विशाल गुप्ता, ओम यादव, साधना टोक्कर, देव निरंजन, मोईन खान मोईन आदि थे। कार्यक्रम के समापन पर संसार प्रदेश महासचिव विजय जोशी ने आभार व्यक्त किया।

सुधीर कुलकर्णी सेठ का सेवानिवृत्ति समारोह

देवास। बैंक नोट प्रेस देवास के वरिष्ठ कर्मचारी सुधीर कुलकर्णी का विदाई समारोह आयोजित किया गया। उक्त आयोजन में वरिष्ठ पर्यवेक्षक के एस कुमरे बतौर अध्यक्ष उपस्थित थे। वहीं पर्यवेक्षक नवनीत ठाकुर, और भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री अमित पांडेय विशिष्ट अतिथि की भूमिका में उपस्थित थे। विक्रम सिंह दरबार, भूपेंद्र सिंह, विशाल कुलकर्णी राकेश शिंदे, अरविंद तेंदुलकर, राजेश खाटीकमारे, संदीप चौधरी, रामविजय यादव, श्रीराग, विनय चौधरी, आलोक यादव, गुरुचरण सिंह, नीरज पाल,प्रदीप सिंह, किरण कोल्हे, अभिनव कुमार,पदम लोचन नायक, हरेन्द्र सिंह जॉनी, सुमित पाटिल, अंकित आर्य, अवधनारायण, सिंह, श्री कर्माकर, संजय वर्मा , रविन्द्र यादव, अनुज चौरे, आदि साथियों ने सुधीर कुलकर्णी का भावभीना सत्कार किया। कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश यादव ने किया तथा किरण जुवेकर ने सभी अतिथियों का आभार माना।

फौजदार कॉलोनी की शिकायत तहसीलदार से की

सोनकच्छ। नगर के वार्ड नम्बर तीन की फौजदार कालोनी की महिलाओं ने कालोनी में व्याप्त समस्याओं को लेकर तहसीलदार नेहा शाह को समस्या बताई। समस्याओं को देखने के लिए तहसीलदार शाह ने बुधवार को कॉलोनी का निरीक्षण किया। जहां पर महिलाओं से चर्चा की। महिलाओं ने तहसीलदार को बताया कि, कॉलोनी में ना तो नाली है,ना सड़क है और ना ही कोई साफ़ सफाई की उचित व्यवस्था, जबकि नगर परिषद द्वारा कालोनी के रहवासियों से सभी तरह का टैक्स वसूला जाता है। कालोनी में सड़क नहीं है जिसके चलते रहवासियों को और महिलाओं, बच्चों को आने जाने में काफी परेशानी होती है तथा पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से घरों के चारों ओर गंदा पानी भरा रहता है।

युवा जागरण अभियान का आयोजन

देवास। आनंद मार्ग प्रचारक संघ द्वारा 17 जुलाई से 22 जुलाई 2026 तक सेवा, साधना, नैतिक शिक्षा, योग, युवा जागरण एवं सामाजिक उत्थान को समर्पित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं में नैतिक मूल्यों का विकास, सकारात्मक जीवन-दृष्टि का निर्माण तथा समाज में सेवा एवं आध्यात्मिकता की भावना को सुदृढ़ करना रहा विद्यार्थियों को ध्यान-योग एवं नैतिक शिक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। इसके माध्यम से बच्चों में एकाग्रता, अनुशासन, आत्मविश्वास तथा मानवीय मूल्यों के विकास पर विशेष बल दिया गया।

नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम पर पेंटिंग प्रतियोगिता

सोनकच्छ। नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत 15 दिवस तक प्रदेशभर में नशामुक्ति जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।इसी क्रम में टीआई विक्रांत झांझोट ने नगर के एक निजी स्कूल में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का विषय नशे से दूरी है जरूरी रखा गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी आकर्षक व संदेशपरक पेंटिंग्स के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों तथा नशामुक्त समाज की आवश्यकता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। पुलिस अधिकारियों एवं स्टाफ ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी ऐसे सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार ने नशामुक्त समाज के निर्माण में अपना सहयोग देने का संकल्प लिया।

वेयरहाउस परिसर में पौधारोपण

कांटाफोड़ - मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के अधिकारी एवं कर्मचारी जहां एक ओर प्रदेश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से प्रेरणा लेते हुए तथा निगम के चेयरमैन की पर्यावरण संरक्षण संबंधी मंशा के अनुरूप निगम के विभिन्न वेयरहाउस परिसरों में प्रतिवर्ष बड़े स्तर पर पौधारोपण किया जाता है। वेयरहाउस प्रबंधक दिलीप सिंह राजपूत द्वारा वेयरहाउस परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित वातावरण तैयार करने का संकल्प है।

आज मनाया जाएगा अंतर्मना जन्मोत्सव,राज्यमंत्री ने लिया आशीर्वाद

सोनकच्छ। जोड़ना बुरा नहीं है उसके प्रति आशक्ति का भाव सबसे बड़ा पाप है। संसार में जरूरत से ज्यादा संग्रह करना पाप को जन्म देता है। इसलिए जितना जरूरत हो उतना परिग्रह अपनाओ और आसक्ति के भाव को कम करो। आज के समय में मनुष्य से ज्यादा बोझ कोई नहीं धो रहा है। मनुष्य जन्म मिला है इसे बोझ के साथ नहीं बोध के साथ जीना चाहिए। यह बात प्रतिदिन होने वाले शास्त्र समयसार ग्रन्थ के स्वाध्याय के माध्यम से अंतर्मना आचार्यश्री प्रसन्नसागर जी महाराज ने उपस्थित भक्तों से कही। उन्होंने कहा कि देवशास्त्र गुरु माता पिता की आज्ञा भार नहीं है बल्कि जीवन का उद्धार है। प्रतिक्रमण का फल द्वेष कषाय कम करना, स्वाध्याय का फल त्याग , त्याग का फल संयम और संयम का फल उत्कृष्ट समाधि होता है।प्रवक्ता रोमिल जैन ने बताया कि आज परोपकार और सादगी के साथ अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। जहां तीर्थ पर सुबह 11 बजे पौधारोपण कार्यक्रम, विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर व आयुष्मान कार्ड पंजीयन ,ब्लड डोनेशन केम्प विद्यार्थियों हेतु हरमास एक उपवास विषय पर प्रतियोगिता, एक उपवास फास्टिंग वन्स ए मंथ एवरी 7 महाअभियान, गुरु भक्ति, आनंद यात्रा एवं भजन संध्या आदि का आयोजन होगा। मंगलवार रात्रि को राज्यमंत्री गौतम टेटवाल तीर्थ पहुंचे जहां उन्होंने जैनाचार्य पुष्पदंत सागर महाराज का आशीर्वाद लिया।

कांग्रेसियों का प्रदर्शन, राहुल गांधी की गिरफ्तारी का किया विरोध

कांटाफोड़। दिल्ली में छात्रों के आंदोलन के समर्थन में प्रधानमंत्री आवास की ओर प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में गुरुवार को नगर कांग्रेस कमेटी कांटाफोड़ ने गांधी चौराहे पर धरना-प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित किया गया।

धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की गिरफ्तारी को लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताते हुए केंद्र सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा कि छात्रों के आंदोलन के समर्थन में शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने पहुंचे विपक्ष के नेता की गिरफ्तारी लोकतंत्र पर सीधा हमला है।

महापौर जनसुनवाई के आवेदनों को उपायुक्त ने निराकरण के लिए भेजा

देवास। निगम बैठक हाल में महापौर जनसुनवाई मे महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल के प्रवास पर होने से 22 जुलाई बुधवार को जनसुनवाई निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी के द्वारा की गई। नागरिकों द्वारा जवाहर नगर में सिवरेज लाईन की सफाई करने, वार्ड 19 बद्रीधाम एक्सटेंशन में गंदगी व सिवरेज लाईन की सफाई, सनसीटी पार्ट 1 में साफ सफाई, ड्रेनेज लाईन, गार्डन के रखरखाव व अन्य समस्याओं के आवेदन उपायुक्त को दिए गये। उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर उनका निराकरण किए जाने के निर्देश दिए तथा आवेदनों को संबंधित विभागों मे भेजा।

जामगोद में पत्र लेखन कला पर विशेष व्याख्यान

देवास। आधुनिक डिजिटल युग में धीरे-धीरे ओझल होती पत्र लेखन की परंपरा को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जामगोद (देवास) में एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में नवाचारी साहित्यकार एवं विज्ञान शिक्षक रवींद्र वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों और विद्यालयीन स्टाफ के समक्ष पत्र लेखन की विलुप्त होती कला और उसकी प्रासंगिकता विषय पर अपना प्रेरक भाषण दिया।

पत्र लेखन की सादगी और उसकी संवेदनाएं

अपने संबोधन में रवींद्र वर्मा ने कहा कि आज के व्हाट्सएप और ईमेल के दौर में हस्तलिखित पत्रों की सादगी, आत्मीयता और उनके पीछे छिपी भावनाएं कहीं खो सी गई हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक पत्र केवल संदेश भेजने का साधन नहीं, बल्कि भावनाओं का एक ऐसा दस्तावेज है जिसे वर्षों तक सहेज कर रखा जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों और उपस्थित शिक्षकों से आग्रह किया कि वे इस अमूल्य कला और इसके पीछे की संवेदनाओं को जीवित रखने का संकल्प लें।

श्री वर्मा ने विद्यार्थियों को पत्र लेखन की तकनीकी बारीकियों से भी अवगत कराया। उन्होंने पत्रों के मुख्य प्रकारों-औपचारिक (फार्मल) और अनौपचारिक (इनफार्मल)के अंतर को सहज भाषा में समझाया। डिजिटल संदेश क्षणिक होते हैं, लेकिन हाथ से लिखा पत्र दिल से निकलता है और स्मृतियों में सदा अमर रहता है। इस कला को जीवित रखना हमारी सांस्कृतिक और भावनात्मक जिम्मेदारी है।

एक नजर ▶ राहुल गांधी की हिरासत के विरोध में कांग्रेस का धरना

रैली के रूप में छोटे हनुमान चौक से भौंरासा थाने तक पहुंचे कांग्रेसी

भौरासा-नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को हिरासत में लिए जाने के विरोध में भोरासा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं नेभौरासा थाना परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कार्रवाई को लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला बताया सभी कार्यकर्ता छोटे हनुमान चौक में एकत्रित हुए यहां से रैली के रूप में भौरासा थाना परिसर में पहुंचे जहां पर प्रदर्शन किया गया,धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव,नगर कांग्रेस अध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी। प्रदर्शन में मौजूद कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारे लगाए और राहुल गांधी को तत्काल रिहा किए जाने की मांग उठाई।

मंत्री से इस्तीफे की मांग की

धरने के दौरान कांग्रेस नेताओं ने नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक के मुद्दे को भी उठाया और मामले की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए संबंधित मंत्री से इस्तीफे की मांग की। साथ ही जंतर-मंतर पर हुए घटनाक्रम पर भी नाराजगी जताते हुए सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए इस अवसर पर रमेश चंद ईनानी, पार्षद भादर सिंह भाटिया,जिला महामंत्री दिलीप यादव, मनोहर यादव, मंडलम अध्यक्ष दिनेश चौहान, मंडलम अध्यक्ष शुभम नागर, धीरेंद्र ठाकुर, अनुसूचित जाति जिला उपाध्यक्ष सुनील यादव, उप सरपंच कैलाश यादव, राजेंद्र यादव, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव इरफान मदनी, अफजल मंसूरी,बाबर चिश्ती, जेपी चौधरी, सोहेल चिश्ती,गणेश नागर, भूरू सेंटिंग, शाहरुख खान, इरशाद खान, सद्दाम खान, अरविंद चौधरी, कलीम बोहरा, सहित धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे.